के प्रवधानों और उसके अन्तर्गत बनाए गये नियमों के अनुसार प्रदान किए जाते हैं। देश में खनन कार्य ऐतिहासिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र दोनों की कंपनियों द्वारा किया जाता है। वर्ष 1994-95 के अन्त तक कुल 3083 (अनन्तिम) खानों में से जो गैर परमाणु और गैर-ईंधन खनिजों और गौण खनिजों से इतर अन्य खनिजों का उत्पादन कर रही है, 316 निजी क्षेत्र में थीं। खान-और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम 1957 के अनुसार खनन अधिकार केवल किसी भारतीय राष्ट्रीक या कंपनी अधिनियम 1956 की धारा (3) की उपधारा (1) में परिभाषित कंपनी को ही दिये जा सकते हैं। लेकिन प्रथम अनुसूची में विनिद्रिर्ष्ट किसी खनिज के लिए कोई भी पूर्वेक्षण लाइसेंस या खनन पट्टा केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रदान नहीं किया जायेगा।

**गुजरात में खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने हेतु कार्य-योजना**

3104. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किछ

(क) क्या सरकार ने हाल ही में गुजरात राज्य में खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने के लिए एक कार्य योजना पर विचार किया है;

(ख) क्या इस प्रयोजनार्थ एक कार्य बल का गठन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कार्य बल की क्या-क्या उपलब्धि है; और

(घ) वर्तमान कार्य योजना में अंतर्ग्रस्त व्यय का ब्यौरा क्या हैग्र

**इस्पात मंत्री तथा खान मंत्री (श्री बिरेन्द्र प्रसाद वैश्य) :**

I. जी, नहीं। तथापि, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण गुजरात सहित देश के खनिज संसाधनों का पता लगाने के लिए खनिज अन्वेषण ओर इससे संबंधित अन्य कार्य जारी कार्यक्रमों के रूप में कर रहा है।

II. भारत सरकार ने इस संबंध में कोई कार्य दल गठित नहीं किया है।

III. और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

**Imports of Phosphates from Nauru Island**

3105. SHRI SURINDER KUAMR SINGLA: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether India still imports phosphates from the Nauru Island in the Pacific;

(b) if so, the unit cost of phosphate being imported and how does it compare with the indegenous phosphates;

(c) for how many years more do we have have lease of phosphate mines, if any in Nauru; and

(d) the steps being taken to bring self sufficiency in phospates?

THE MINISTER OF STEEL AND MINISTER OF MINES (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the table of the House.

**राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा गुजरात में खनन**

3106 **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम ने गुजरात के कुछ जिलों में खनन आरंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किसी परियोजना का कार्य रोक दिया गया है;

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या कारण है;

(च) क्या निगम ने कुछ परियोजनाएं निजी क्षेत्र को सौंपने का निर्णय लिया है;

(छ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ज) निगम को अब तक हुए लाभ तथा हानि का ब्यौरा क्या है?

इस्पात मंत्री तथा खान मंत्री (श्री बीरेन्द्र प्रसाद वैश्य) : (क) जी, नहीं।

(b) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

VI. किसी परियोजना के गुजरात राज्य में किसी निजी क्षेत्र को सौंपने का निर्णय नहीं लिया गया है।

VII. प्रश्न नहीं उठता।

विगत 3 वर्षों के दौरान मैसर्स राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा अर्जित कर से पूर्व लाभों का ब्यौरा